AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दुनिया देखेगी सशक्त भारत

लविवि में जी-20 कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव ने शिक्षकों को बताया ब्रांड एंबेस्डर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि में आयोजित जी-20 कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता मिलना गर्व की बात है। ये दुनिया के सबसे ताकतवर 20 देश हैं। भारत को अपने कार्यों से विश्व गुरु होने का स्वरूप दिखाना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक ब्रांड एंबेस्डर हैं। वे पूरे प्रदेश में युवाओं व आम लोगों को इसके बारे में बताएं। जी-20 की अध्यक्षता से दुनिया को सशक्त व आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत नया भारत दिखेगा। जी-20 में एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से भरा नया भारत दुनिया को नई राह दिखाएगा। पिछले आठ साल में हर व्यक्ति को घर, हर घर बिजली, 55 हजार किमी. नेशनल हाईवे निर्माण, सोलर एनर्जी, एलईडी के प्रयोग, यूपीआई जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि यह अवसर भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का है।

■ *देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है यूपी :* उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि दुनिया में भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। लविवि के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. एमके अग्रवाल ने कहा कि भारत का ग्रोथ मॉडल नए समावेशी ग्रोथ मॉडल को जन्म देता है। यूपी एक नया ग्रोथ इंजन भारतीय अर्थव्यवस्था का बन रहा है। स्वच्छता के कारण आर्थिक समृद्धि बढ़ी है। 27 जनवरी से अगस्त तक पूरे प्रदेश में जी-20 के कार्यक्रम होंगे।

लविवि में आयोजित जी-20 कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र संग अधिकारी व शिक्षक।-संवाद

यूथ जी-20 का आयोजन भी फरवरी में

नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि इस शृंखला से युवाओं और शिक्षाविदों के बीच जागरूकता की जिम्मेदारी जगानी है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में यूथ जी-20 भी कराने का प्रस्ताव है। इसी तरह योगा लीग का आयोजन होगा। सड़कों के नाम जी-20 पर रखे जा रहे हैं। कॉन्क्लेव को मनोहर पार्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली की डॉ. स्वास्ती राव, बीबीएयू के प्रो. सनातन नायक, लविवि के प्रो. एके सिंह, प्रो. संगीता साहू, प्रो. डीआर साहू, कुलसचिव संजय मेधावी ने संबोधित किया।

बीएससी जूलोजी के प्रैक्टिकल 27 से

लखनऊ। लविवि के बीएससी जूलोजी पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का शेड्यूल मंगलवार को जारी हो गया। विभागाध्यक्ष मो. सेराजउद्दीन ने बताया कि चार बैच बनाकर प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएंगी। पहले बैच की परीक्षा 27 और दूसरे की 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से होगी। तीसरे बैच की परीक्षा 30 जनवरी को सुबह नौ बजे और चौथे की 31 जनवरी को सुबह 11 बजे होगी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

दुनिया को राह दिखा रहा सशक्त भारत

जी-20

लखनऊ। यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता से दुनिया को सशक्त और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत नया भारत दिखेगा। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से भरा नया भारत दुनिया को नई राह दिखा रहा है जो सशक्त, सक्षम, समर्थ है।

उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 फीसदी जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 विश्व के 75 प्रतिशत व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी 20 वह समूह है जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है। वह मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और एलयू के अर्थशास्त्र विभाग में जी-20 कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, सचिव रंजन कुमार, उच्च शिक्षा अपर मुख्य सचिव सुधीर एम. बोबड़े ने भी विचार रखे।

एलयू में मंगलवार को जी-20 कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र अतिथि रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

गायन, मिमिक्री और कविता पाठ से जीता दिल

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे अंतर हास्टल कंपटीशन फेस्ट-2023 के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का दौर जारी रहा। मंगलवार को प्रतियोगिता की शुरुआत एएनडी इंटरनेशनल और हबीबुल्लाह हास्टल के बीच क्रिकेट मैच के साथ हुई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एसपी त्रिवेदी थे।विभिन्न छात्रावासों के छात्रों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, मिमिक्री, कविता पाठ, रंगोली एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन हबीबुल्लाह हास्टल में किया गया, जहां मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पूनम टंडन थीं। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। प्रोवोस्ट डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने उनका उत्साहवर्धन भी किया। महमूदाबाद छात्रावास में विभिन्न छात्रावासों के बीच वालीबाल मैच खेला गया, जिसमें मुख्य अतिथि आइपीपीआर के निदेशक डा. दुर्गेश श्रीवास्तव थे।

पोस्टर, इनोवेशन आफ स्ट्रीम प्रतियोगिता : अकादमिक कार्यक्रम बीरबल साहनी हास्टल में हुए। यहां विभिन्न छात्रावासों के अंतःवासियों ने पोस्टर, इनोवेशन आफ स्ट्रीम एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल में प्रो. जेके शर्मा एवं प्रो. मनुका खन्ना रहे। इसके अलावा कैलाश हास्टल में विभिन्न छात्रावासों की छात्राओं में खो-खो प्रतियोगिता हुई। महिला अन्तःवासियों के लिए अकादमिक प्रतियोगिताएं गोल्डन जुबली होस्टल में हुईं। तिलक हाल में पॉट पेंटिंग एवं मेंहदी प्रतियोगिता हुई। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सभी प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आयोजित की जा रही हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 8

यूपी सरकार ने तय की जी-20 कॉन्क्लेव की रूपरेखा

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता से दुनिया को सशक्त और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत नया भारत दिखेगा। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से भरा नया भारत दुनिया को नई राह दिखा रहा है जो सशक्त- सक्षम-समर्थ और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत है। श्री मिश्रा मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार एवं अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जी-20 कॉन्क्लेव में अध्यक्षता कर रहे थे।

जी-20 कॉन्क्लेव के एम्बेसडर हुए प्रशिक्षित

उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम इन आशाओं अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 फीसद जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 विश्व के 75 फीसद व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 वह समूह है जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है। आजादी के अमृत काल में देश के सामने यह बड़ा अवसर आया है जो हर भारत वासियों के लिए गर्व की बात है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है।

जी-20 कॉन्क्लेव की प्रस्तावना रखते हुए उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव सुधीर एम. बोबड़े ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता दर्शाती है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भरे भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। भारत पूरे विश्व को एक समान उद्देश्य के लिए एक बेहतर भविष्य के लिए साथ लाने के विजन पर काम कर रहा है।

उत्तर प्रदेश जी-20 के समन्वयक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम.के. अग्रवाल ने कहा कि भारत का ग्रोथ मॉडल नए समावेशी ग्रोथ मोडल को जन्म देता है। अर्थव्यवस्था का वन रहा है। मनोहर पार्रिकर इंस्टिट्यूट फॉर डिफेन्स स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली से आई वक्ता डा. स्वास्ती राव ने कहा कि पूरा देश जी-20 की अध्यक्षता उत्सव के रूप में मना रहा है। उच्च शिक्षा के विशेष सचिव डा. अखिलेश मिश्र ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जी-20 की अध्यक्षता का गर्व जन सामान्य में भरने के लिए जी-20 एम्बेसडर विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं युवाओं के मध्य भारतीय संस्कृति, एकता और विशिष्ट उपलब्धियों की जागरूकता बढ़ाएं। 27 जनवरी से लेकर अगस्त तक पूरे प्रदेश में यह जी-20 के कार्यक्रम चलेंगे। उत्तर प्रदेश नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह एक श्रृंखला है जिसके माध्यम से युवाओं और शिक्षविदों के मध्य जागरूकता की जिम्मेदारी जगाने की जिससे प्रदेश के सकारात्मक श्रेष्ठ प्रयासों को गति दी जा सके। नगर विकास के सचिव रंजन कुमार ने कहा कि यह जी-20 की अध्यक्षता विश्व की समस्याओं के समाधान के रूप में कार्य करेगी। विषमताओं को समाप्त करने के लिए सरकार कार्य कर रही है।

विधायक ने क्षेत्र में बंटवाये जी-20 व यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पर्चे

लखनऊ। उप्र की अर्थव्यवस्था को नया आयाम देने के उद्देश्य से राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का 10 से 12 फरवरी तक सरोजनी नगर क्षेत्र के वृंदावन योजना के सेक्टर 15 में अयोजित होने वाले इस समिट को भव्य बनाने की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। मंगलवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में पैम्फलेट बांटकर जनता को अवगत कराया गया। विधायक डा राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में उनके विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलों में पैम्फलेट बांटकर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लक्ष्य तथा उससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभ बारे में जनता को बताया। सरोजनीनगर के मंडल एक, मंडल दो, मंडल तीन, अर्जुनगंज मंडल, सरोजनीनगर मंडल और खुशहालगंज मंडल के चौराहों और मुख्य बाजारों में विधायक की टीम, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लोगों से भेंट की और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट व जी-20 सम्मेलन की जानकारी दी।

अगले 48 से 72 घंटे अहम: डॉ. आर्य

भूकंप के झटके आने पर एलयू के भू-वैज्ञानिक ने जताई आशंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी लखनऊ सहित पूरे उत्तर भारत में मंगलवार दोपहर 2.30 बजे के करीब भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.29 थी, जबकि भूकंप का केन्द्र नेपाल के कालका में स्थित था। जो जमीन से 12 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। वहां पर भूकंप की तीव्रता 5.4 दर्ज की गयी। जमीन के नीचे 12 किमी पर तीव्रता के केन्द्र पर विशेषज्ञों ने आशंका जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अध्ययन किये जाने का विषय है कि एनर्जी पूरी तौर पर रिलीज हुई या नहीं। यदि एनर्जी पूरी तौर पर रिलीज नहीं हुई तो अगले 48 से 72 घंटे में फिर से झटके महसूस किये जा सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अजय आर्य ने बताया कि नेपाल में भूकंप में सेंट्रल

थ्रस्ट के ऊपर आया है। यह जमीन से 12 किलोमीटर नीचे स्थित है। यह भूकंप काफी शैलो डेप्थ फोकस या उथली गहराई का भूकंप कहते हैं। यह काफी खतरनाक होता है।

इस भूकंप से उत्पन्न तरंगो को यश वेब भी कहते जो सॉलिड से सॉलिड सतह पर ट्रैवल करती हैं। जिससे उनको गति कई गुना बढ़ जाती है और धरती के ऊपर होरिजेंटल और वर्टिकल दोनों तरह के कंपन महसूस किए जाते हैं। जिससे मकान दोनों दिशाओं में ऊपर नीचे हीलते हैं।

अगले कुछ दिन सतर्क रहने की बहुत जरूरत

डॉक्टर आर्या ने बताया कि अभी यह देखना होगा कि यह भूकंप किस तरह का है। वैज्ञानिकों को अभी देखना होगा कि धरती से पूरी तरह से एनर्जी रिलीज हुई है या नहीं अगर नहीं हुई है तो अभी रिलीज होगी। ऐसे में अगले 48 से 72 घंटों के अंदर दोबारा से बड़े स्तर का भूकंप आ सकता है। ऐसे में जानमाल के नुकसान होने की संभावना अधिक है। डॉक्टर आर्य ने बताया कि बीते 1 साल के अंदर पूरे विश्व में 900 से अधिक भूकंप के झटके आ चुके हैं, जबकि उत्तर भारत में बीते 6 महीनों में 5 से अधिक बड़े भूकंप के झटके लग चुके हैं। जबकि छोटे बड़े भूकंप की संख्या भी लगभग एक दर्जन के आसपास है।

PIONEER PAGE 3

जी-20 में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है: मुख्य सचिव

● निजी व सरकारी विश्वविद्यालयों सहित महाविद्यालयों के 150 शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 फीसद जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 विश्व के 75 फीसद व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 वह समूह है, जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है। आजादी के अमृत काल में देश के सामने यह बड़ा अवसर आया है, जो हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है।

मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में राज्य विश्वविद्यालयों सहित निजी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए नोडल ऑफिसर

जी-20 प्रो. मनोज अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम इन आशाओं अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के अमृत काल में देश के सामने यह बड़ा अवसर आया है, जो हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना है।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भारत की साख और धाक दोनों बढ़ी

जी-20 कॉन्क्लेव की प्रस्तावना रखते हुए उच्च शिक्षा के मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता दर्शाता है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भरे भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। भारत पूरे विश्व को एक समान उद्देश्य के लिए एक बेहतर भविष्य के लिए साथ लाने के विजन पर काम कर रहा है। मनोहर पार्रिकर इंस्टिट्यूट फॉर डिफेन्स स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली से आई विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ स्वास्ती राव ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता विश्व की समस्याओं के समाधान के रूप में कार्य करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव प्रो संजय मेधावी ने किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

जी-20 की अध्यक्षता में दुनिया को दिखेगा सशक्त और आत्मनिर्भर नया भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आयोजन

● लविवि में आयोजित हुआ जी-20 कॉन्क्लेव

अमृत विचार : जी-20 की अध्यक्षता से दुनिया को सशक्त और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत नया भारत दिखेगा। एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य की भावना से भरा नया भारत दुनिया को नई राह दिखा रहा है जो सशक्त- सक्षम-समर्थ और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत है। उक्त बातें चाणक्य सभागार में प्रदेश सरकार एवं अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जी- 20 कॉन्क्लेव में अध्यक्षता करते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कही।

उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम इन आशाओं अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85% जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 विश्व के 75% व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 वह समूह है जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है। आजादी के अमृत काल में देश के सामने यह बड़ा अवसर आया है, जो भारत वासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित जी-20 कॉन्क्लेव में शामिल मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

महिला सशक्तिकरण से बढ़कर महिला आधारित विकास के बात हो रही है। इन सभी सकारात्मक परिवर्तनों से हमें जी-20 देशों को अवगत कराना है और उनकी अच्छाइयों से सीख लेनी है।

जी- 20 कॉन्क्लेव की प्रस्तावना रखते हुए उच्च शिक्षा के मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता दर्शाता है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भरे भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। भारत पूरे विश्व को एक समान उद्देश्य के लिए एक बेहतर भविष्य के लिए साथ लाने के विजन पर काम कर रहा है। जी-20 की अध्यक्षता का आयोजन हम सभी देशवासियों का आयोजन है। जी-20 के समन्वयक एवं लविवि अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम के अग्रवाल ने कहा कि भारत का ग्रोथ मॉडल नए समावेशी ग्रोथ को जन्म देता है। भारत मे सबसे तीव्र गति से वैक्सीनेशन हुआ। कोरोना काल में भारत ने विश्व के विभिन्न देशों की रक्षा किया।

देश मना रहा जी-20 की अध्यक्षता का उत्सव

मनोहर पर्रिकर इंस्टिट्यूट फ्रॉर डिफेस स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली से आई वक्ता डॉ. स्वास्ती राव ने कहा कि पूरा देश जी-20 की अध्यक्षता उत्सव के रूप में मना रहा है। जी- 20 ट्रॉयका पद्धति पर कार्य करती है। यूनाइटेड नेशन से दुनिया का भरोसा उठ रहा है। कार्यक्रम में मौजूद उच्च शिक्षा के विशेष सचिव डॉ. अखिलेश मिश्र ने कहा कि जी-20 अध्यक्षता का गर्व जन सामान्य में भरने के लिए जी-20 एम्बेसडर विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं युवाओं के मध्य भारतीय संस्कृति, एकता और विशिष्ट उपलब्धियों की जागरूकता बढ़ाएं। उत्तर प्रदेश नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह एक श्रंखला है जिसके माध्यम से युवाओं और शिक्षाविदों के मध्य जागरूकता की जिम्मेदारी जगाने की जिससे प्रदेश के सकारात्मक श्रेष्ठ प्रयासों को गति दी जा सके। नगर विकास के सचिव रंजन कुमार ने कहा कि यह जी 20 की अध्यक्षता विश्व की समस्याओं के समाधान के रूप में कार्य करेगी। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के चिन्हांकित लगभग 150 शिक्षकों ने प्रतिभागिता कर जी-20 के एम्बेसडर के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बीबीएयू के प्रो. सनातन नायक, लविवि के प्रो. ऐके सिंह, प्रो. संगीता साहू, प्रो. डीआर साहू ने भी अपने विचार साझा किए।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

जी 20 की अध्यक्षता से दुनिया को दिखेगा सशक्त नया भारत

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ = लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार एवं अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जी 20 कॉन्क्लेव का आयोजन मंगलवार को किया गया। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता से दुनिया को सशक्त और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत नया भारत दिखेगा। एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य की भावना से भरा नया भारत दुनिया को नई राह दिखा रहा है जो सशक्त- सक्षम-समर्थ और आत्मनिर्भरता से ओतप्रोत है।उन्होंने आगे कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के प्रति दुनिया के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में हम सभी का यह जिम्मेदारी है कि हम इन आशाओं अपेक्षाओं से कहीं ज्यादा बेहतर करके दिखाएं। जी 20 कॉन्क्लेव की प्रस्तावना रखते हुए उच्च शिक्षा के मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता दर्शाती है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से भरे भारत की साख और धाक दोनों बढ़ रही है। भारत पूरे विश्व को एक समान उद्देश्य के लिए एक बेहतर भविष्य के लिए साथ लाने के विजन पर काम कर रहा है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश जी 20 के समन्वयक एवं

लखनऊ विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो एम के अग्रवाल ने कहा कि भारत का ग्रोथ मॉडल नए समावेशी ग्रोथ मोडल को जन्म देता है। भारत मे सबसे तीव्र गति से वैक्सीनेशन हुआ है। कोरोना काल में भारत ने विश्व के विभिन्न देशों का रक्षक बना था। खाद्यानो की आपूर्ति भी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से की गई। उत्तर प्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था के एक नया ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है।मनोहर पार्रिकर इंस्टिट्यूट फ़ॉर डिफेन्स स्टडीज एंड एनालिसिस दिल्ली से पधारी विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ स्वास्ती राव ने कहा कि पूरा देश जी 20 की अध्यक्षता उत्सव के रूप में मना रहा है। जी 20 ट्रॉयका पद्धति पर कार्य करती है। यूनाइटेड नेशन से दुनिया का भरोसा उठ रहा है। वर्ष 2023 को पूरे विश्व में मोटे अनाज वर्ष की रूप में मना रही है। वैश्विक भुखमरी को समाप्त करने के लिए भारत कार्य कर रहा है। डिजिटल इकोनॉमी से देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह एक श्रंखला है जिसके माध्यम से युवाओं और शिक्षविदों के मध्य जागरूकता की जिम्मेदारी जगाने की जिससे प्रदेश के सकारात्मक श्रेष्ठ प्रयासों को गति दी जा सकें। जी 20 कॉन्क्लेव को बाबासाहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो सनातन नायक, लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो ऐ के सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय व्यवसाय प्रशासन विभाग की अध्यक्ष प्रो संगीता साहू, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो डी आर साहू ने संबोधित किया। आभार ज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो संजय मेधावी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ उर्वशी सिरोही ने किया। जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों के चिन्हांकित लगभग 150 शिक्षकों ने प्रतिभागिता कर जी 20 के एम्बेसडर के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर जी 20 से संबंधित मुद्दों को विस्तार से प्रस्तुत कर उनके करणीय कार्यों की व्याख्या किया।

दूसरे दिन भी जारी रहीं प्रतियोगिताएं

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,लखनऊ = लखनऊ विश्वविद्यालय मे आयोजित इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2023 के अंतर्गत चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में दूसरे दिन विभिन्न छात्रावासों के छात्रों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, मिमिक्री, कविता पाठ, रंगोली एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन हबीबुल्ला हाल में किया गया जहां मुख्य अतिथि प्रो.पूनम टंडन,डीन स्टूडेंट वेलफेयर थीं।महमूदाबाद छात्रावास में विभिन्न छात्रावासों के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि आईपीपीआर के निदेशक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव थे। अकादमिक कार्यक्रम बीरबल साहनी हॉल में आयोजित किए गए जहां मुख्य अतिथि प्रो. बिमल जायसवाल थे। जहां विभिन्न छात्रावासों के अंतःवासियो ने पोस्टर, इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम एवं क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अतिरिक्त कैलाश हाल में विभिन्न छात्रावासों की छात्राओं मे खो खो प्रतियोगिता आयोजित की गयी ।

VoL PAGE 3 & 6

डीन प्रो. बंशीधर सिंह को दिया स्मृति चिन्ह

लखनऊ। सन 1950 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद को आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया था तथा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान को भी अंगीकृत किया गया था। इस उपलक्ष्य पर लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित एडीआर ड्राफ्टिंग एवं लिटरेरी सोसायटी द्वारा विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. बंशीधर सिंह को भेंट स्वरूप एडीआर ड्राफ्टिंग एवं लिटरेरी सोसायटी के शिक्षक संयोजक प्रो. हरीश राम, प्रेसिडेंट तुषार पाण्डेय, छात्र संयोजक स्वराज शुक्ला एवं अन्य सदस्यों द्वारा मोमेंटो दिया गया। अंत में प्रो. बीडी सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

खेल के साथ लगा कविताओं का तड़का

लखनऊ। लविवि में आयोजित इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट के अंतर्गत चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में दूसरे दिन मंगलवार को शुरूआत एएनडी इंटरनेशनल हाल और हबीबुल्लाह हाल के बीच क्रिकेट मैच के साथ हुई, जहां मुख्य अतिथि प्रो. एसपी त्रिवेदी रहे। विभिन्न छात्रावासों के छात्रों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायन, मिमिक्री, कविता पाठ, रंगोली और फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन हबीबुल्ला हाल में किया गया, जहां मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो.पूनम टंडन उपस्थित रहीं। महमूदाबाद छात्रावास में विभिन्न छात्रावासों के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि आईपीपीआर के निदेशक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव रहे। अकादमिक कार्यक्रम बीरबल साहनी हॉल में आयोजित किये गये जहां मुख्य अतिथि प्रो. बिमल जायसवाल रहे।

इंटर हॉस्टल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय मे आयोजित इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट- 2023 के अंतर्गत चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में दूसरे दिन मंगलवार की शुरुआत एएनडी इंटरनेशनल हाल और हबीबुल्लाह हाल के बीच क्रिकेट मैच के साथ हुई। यहां मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस पी त्रिवेदी रहे।

वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, मिमिक्री, कविता पाठ, रंगोली एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन हबीबुल्ला हाल में किया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रो.पूनम टंडन थीं।

महमूदाबाद छात्रावास में वॉलीबॉल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईपीपीआर के निदेशक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव थे। प्रोफेसर विमल जायसवाल की मौजूदगी में अकादमिक कार्यक्रम बीरबल साहनी हॉल में आयोजित किए गए। जहां विभिन्न छात्रावासों के अंतःवासियों ने पोस्टर, इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल में प्रो. जेके शर्मा एवं प्रो.मनुका खन्ना थे। इसके अतिरिक्त कैलाश हाल में विभिन्न छात्रावासों की छात्राओं मे खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही महिला अन्तःवासियों के लिए अकादमिक प्रतियोगिताएं गोल्डन जुबली हॉस्टल में आयोजित हुईं। इसके अतिरिक्त तिलक हाल में पॉट पेंटिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां पर प्रो. मधुरिमा लाल निदेशक संस्कृतिकी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं।

TRUE TIMES PAGE 2

लखनऊ विश्वविद्यालय के महमूदाबाद छात्रावास में विभिन्न छात्रावासों के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय मे आयो